Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding alleged irregularities in Rajasthan Eligibility Examination for Teacher (REET).

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): माननीय सभापति जी, मैं एक गंभीर विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ ।

राजस्थान में REET की परीक्षा में धांधली हुई, जो गड़बड़-झाला हुआ, उसकी तरफ मैं आपका ध्यान आकृष्ट करूँगा । लाखों विद्यार्थियों ने मेहनत करके कहा कि हम लोग एग्जाम देंगे और परीक्षा देने के बाद हम लोग कहीं-न-कहीं नौकरी में आएंगे । लेकिन जिस सरकार को परीक्षा कराने का अधिकार था, सरकार के वही नुमाइंदे पेपर लीक करने में और धांधली करने में शामिल थे । शिक्षा संकुल में जिन लोगों को निगरानी करनी थी, वे लोग ही पेपर चोरी करके लाखों रुपए में बेचने का काम कर रहे थे ।

राजस्थान की जाँच एजेंसी एसओजी ने स्पष्ट रूप से उसमें सरकार के प्रमुख पदों पर बैठे हुए लोगों को आइडेंटिफाई किया है । आपके माध्यम से, सरकार से मेरी मांग है कि इसमें जो लोग भी शामिल हैं, उन लोगों के खिलाफ सीबीआई जाँच हो ताकि सत्ता में बैठे जिन लोगों ने इस तरह का तांडव मचाया है, इसके कारण से शिक्षा और सरकार के ऊपर से लोगों का विश्वास खत्म हो गया है क्योंकि इतने लम्बे समय की तैयारी के बाद उन छात्रों के भविष्य को अंधकार में डालने का काम किया गया है ।

हमारे पार्टी के मुखिया ने जब इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया, तो एक जिले में उनकी गाड़ी को रोका गया और आज हमारी पार्टी के चार विधायकों ने इस बात को उठाया, तो चार विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया ।

आपके माध्यम से, सरकार से मेरी मांग है कि तुरंत सीबीआई जाँच हो और इसमें जो दोषी लोग हैं, उनके खिलाफ शीघ्र कार्रवाई हो ।

धन्यवाद ।